# जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति की मासिक मिलन बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति की डॉ अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित मासिक मिलन बैठक में हाईपरटेंशन रोग पर अपना व्याख्यान देते हुए पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ फिजिशियन डॉ एलपी गुप्ता ने कहा कि रक्त नलिकाओं में होने वाला रक्त दाव ही ब्लड प्रेशर है। जो भारतीय मानक

**■ जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति बैठक डॉ अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित**

अनुसार सामान्य स्थिति में 130/80 होता है।

इसमें ऊपर वाले को सिस्टोलिक तथा नीचे वाले को डाईस्टोलिक दाव कहते हैं। मनुष्य के पूरे दिन की जीवन क्रिया में यह एक समान नहीं रहता। रक्त नलिकाओं के इस दाव का उच्च होना ही हाईपरटेंशन या ब्लड प्रेशर कहलाता है।

उच्च रक्तदाव धीरे धीरे शरीर अंगों को नष्ट करता है जिसका प्रमुख कारण अभी तक अज्ञात ही है और सामान्य स्वस्थ स्थिति में इसका कोई लक्षण भी मरीज में नहीं आता है। केवल जांच कराने पर ही पता लगता है।

कुछ रोग जैसे एड्रीनल ग्रन्थि रोग, थाईराइड, हृदय रोग, गुर्दा धमनी ब्लॉक आदि में यह मरीज में हमेशा उच्च ब्लड प्रेशर रहता है। डॉ गुप्ता ने वरिष्ठजनों को इसकी नियमित जांच कराते रहने की सलाह दी तथा कहा कि जीवन शैली में पौष्टिक खानपान, मोटापा नियंत्रण, चिकनाई व नमक का कम सेवन, नशा का त्याग व प्रतिदिन व्यायाम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

बैठक प्रारम्भ करने से पूर्व संरक्षक इंजी. एसएन अग्रवाल ने वरिष्ठ सदस्यों के साथ महाराजा अग्रसेन व भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की तथा आरती व गायत्री मंत्रों का सामूहिक उच्चारण किया गया।

बैठक में आध्यात्मिक व्याख्यान देते हुए शिक्षाविद बासुदेव गुप्ता ने कहा कि मनुष्य सतोगुण, तमोगुण व रजोगुणों का पर्याय है उसे अपने आचार, विचार, व्यवहार व कर्म ऐसे रखने चाहिये जो फलदायी हों।

उन्होंने श्रीमद् भागवत में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को कहे एक प्रसंग से कहा कि हे अर्जुन मैं न किसी कर्म की संरचना करता हूॅ और न कोई उसका हिसाब रखता हूॅ जो कुछ मनुष्य कर रहा है वह अपनी प्रकृति अनुसार करता है और उसी का उसे फल मिलता है। बैठक में पूर्व प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल ने गोपाल दास नीरज की रचनाओं और प्रसंगों के द्वारा वरिष्ठजन अवस्था में जीवन के साश्वत सार को समझाया।

महामंत्री सतीश कुमार गुप्ता ने बैठक का संचालन किया। बैठक में सीएम गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता मुंसरिम, महेन्द्र भूषण गुप्ता, सतीश चंद सिंघल, महेश चंद अग्रवाल, शिवनाथ गोयल, ओमप्रकाश गुप्ता नमक कटरा, प्रकाश चंद बंसल, निरंजन प्रसाद अग्रवाल, सुनील बंसल, राम अवतार गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, टीकाराम अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता बैंक, सुभाष चंद सिंघल, वेद प्रकाश सिंघल, पवन सिंघल, सुरेश चंद अग्रवाल, हरीराम गुप्ता, विशन चंद गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, चतुर्भुज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति बैठक डॉ अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

## मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का स्वागत किया

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी भरतपुर द्वारा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के नेतृत्व में मंत्री जवाहर सिंह बेंढम के 56वें जन्मदिवस पर उल्लास एवं जोश पूर्ण स्वागत कर दीर्घ आयु एवं उज्जवल भविष्य कि कामना की। सर्वप्रथम सैकड़ों कार्यकर्ता पूछँरी स्थित श्रीनाथ जी के मन्दिर पहुँचकर अभिषेक कर गिर्राज जी की ढोक लगाई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नगर, जालूकी, सीकरी, डीग में मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को फलों से तोलकर सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मरीजो को फलो का वितरण कराया। जिला प्रवक्ता अशोक सिंघल ने बताया कि कुल 7 स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविरों का आयोजन कर कुल 427 युनिट रक्तदान किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने करीब 47 गौषालाओं में हरे चारे की व्यवस्था कर मुख्यमंत्री के कर्तव्नों से हरे चारे एवं गुढ गायो को खिलाया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेष मंत्री गिरधारी तिवारी ने कहा कि जवाहर सिंह बेढ़म जिस तरह से घुल मिलकर दुख दर्द में शामिल होते है वह भाजपा के संगठन के प्रति निष्ठा को समर्पित करता है। इस मौके पर बृजेष अग्रवाल, गोविन्द चौधरी, सत्येन्द्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, अनिल शर्मा अनाह, उत्तम शर्मा, दिनेश लवानियाँ, कुलदीप पोशवाल, नरेन्द्र सिंघल, आदि कार्यकर्ता मौजूद थें।

## सार-समाचार

### निशुल्क सामग्री का किया वितरण


करौली के निकट गाव मे प्योर इंडिया ट्रस्ट ने बच्चा को शिक्षण सामग्री वितरण की।

**करौली ( नि.स. )।** प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा चलाऐ जा रहे मेरा गांव मेरी पाठशाला कार्यक्रम में ट्रस्ट की पाठशालाओं में सायपुर.,गुनेसरी.कीरतपुरा,काछीपुरा,कैलादेवी.व मंगलम आदर्श स्कूल में बच्चों को लाईब्रेरी सामान, खेलकूद समान व स्टेशनरी,मोबाइल कवर आदि निशुल्क वितरण किए गये ट्रस्ट प्रतिनिधि खुश बिहारी व्यास ने बताया की ट्रस्ट के करौली जिले के आलावा कई सरकारी स्कूलों में ओपन जिम, लाईब्रेरी, खेलकूद समाग्री आदि वितरण की है। समय समय सरकारी स्कूलों में ट्रस्ट मदद करता रहता है यह सभी कार्य संस्था के संस्थापक प्रशांत के मार्गदर्शन में किए जाते हैं। इस कार्यक्रम कि सहराना सभी जगह लोगों में हो रही है लोग इस कार्यक्रम की तारीफ कर रहे है इस कार्यक्रम में पाठशाला प्रभारी कृष्णा चतुर्वेदीव पाठशाला टीचर्स राधा चतुर्वेदी,सन्तोष शर्मा व पाठशाला के सभी बच्चे व गांव वासी मौजूद रहे सभी ने इस कार्यक्रम की सहराना कि व संस्था के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यक्रम की सहराना की गांव वासियों ने संस्थापक का आभार प्रकट किया।

### मानव आहार में रेशा होना आवश्यक

**भुसावर ( निस )।** मानव आहार में रेशा होना अति आवश्यक है। रेशा पौधों से मिलने वाले मानव आहार का वह अंश है जो स्वयं तो अपाच्य है, किन्तु पाचन क्रिया को सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करता है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि आहार रेशा दो प्रकार का होता है, घुलनशील और अघुलनशील। घुलनशील रेशा हमारे रक्त कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करने में सहायता करता है। कोलेस्ट्रोल की मात्रा कम होने से हृदयरोग होने का खतरा कम हो जाता है। घुलनशील फाइबर से हमें पेट भरा हुआ महसूस होता है, जिससे हम कम खाते हैं जो कि हमारे शारीरिक वजन को घटाने में मदद करता है। अघुलनशील फाइबर हमारी आंतो को स्वस्थ रखने हेतु महत्वपूर्ण है। यह हमारे मल को नरम व भारी बनाने में मदद करता है। जिससे उन्हें आंत से आसानी से गुजरने मे सहायता मिलती है। इससे कब्ज, आंत कैंसर व अन्य आंत समस्या होने का खतरा कम हो जाता है। आहार रेशा रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है। जिससे डायबिटीज होने की सम्भावना कम हो जाती है। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि फल, सब्जी, साबुत अनाज और दालें आहार रेशा के महत्वपूर्ण श्रोत हैं। प्राकृतिक भोजन मे रेशा पाया जाता है जबकि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों मे रेशा कम होता है। उच्च फाइबर वाले खाद्य पदार्थ खाने के साथ खूब पानी पीना सुनिश्चित करें क्योंकि यह शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। हमें अपने आहार में रेशा की पूर्ति के लिए 300 से 400 ग्राम सब्जी, 250 से 300 ग्राम फल व 50 से 75 ग्राम दाल प्रति वयस्क व्यक्ति प्रतिदिन खानी चाहिए। खाने के साथ 100 ग्राम सलाद अवश्य खायें।

### निशुल्क जांच शिविर आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब भरतपुर डायमंड एवम डा लाल पैथ लैब नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कैल्शियम, हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, कोलेस्ट्रोल चेकअप कैंप आशीर्वाद कॉम्प्लेक्स सेक्टर 3 में आयोजित किया गया। शिविर संयोजक विष्णु गोयल के अनुसार यह शिविर डा लाल पैथ लैब कलेक्शन सेंटर ज्वाहर नगर द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में सभी जांचे दिल्ली होकर आएंगी। शिविर मे 103 महिला एवम पुरुषों ने जांच कारवाई। कलेक्शन सेंटर संचालक राकेश गुप्ता ने बताया की इस तरह के शिविर में मरीजों की नियमित जांचों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार एवं सचिव उपेंद्र कुमार ने आगंतुकों का स्वागत किया। शिविर में टेक्नीशियन जसवंत सिंह ने सभी का ब्लड कलेक्ट किया। क्लब के कपिल गुप्ता, मोहन माहेश्वरी, ओमप्रकाश गुप्ता, जनक बाबू शर्मा, मोहन महावार, राजेंद्र सिंघल, हरिओम बंसल, पंकज बंसल, सुभाष रेलवे, ओमप्रकाश एडवोकेट, कपूर गोयल, रविंद्र अग्रवाल,दिनेश शर्मा, शंकर गुप्ता के अलावा अन्य सदस्य उपस्तीथ रहे।

### बैठक हुई

**भुसावर ( निस )।** उपखंड की ग्राम पंचायत अलीपुर के पास स्थित धार्मिक आस्था केंद्र बना काला पहाड़ पर्वतमाला पर वैध लीज के नाम पर क्रेशर जॉन में अवेध रूप से हो रहे खनन कार्य को रोके जाने की मांग को लेकर साधु संतो और ग्रामीण जनों की एक बैठक आयोजित हुई। आयोजित बैठक में भुसावर एसडीएम और जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर दस दिन में अवेध तरीके से हो रहे खनन कार्य को रोक लगाए जाने की मांग रखी है। साधु संत और ग्रामीण जनों ने प्रशासन से मांग रखी है कि ज्ञापन देने के दस दिन में कार्यवाही नही की गई तो साधु संत आत्म दाह कर सकते है। ग्रामीण जन और साधु संतो ने बैठक में कहा की काला पहाड़ धार्मिक आस्था का केंद्र है। इसकी हर महीना श्रद्धालु लोग परिक्रमा देकर अपनी मनोतिया मानते है। इस समय इस काला पहाड़ पर क्रेशर जॉन में रात दिन अवेध रूप से खनन का कार्य ब्लास्ट कर किया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**करौली ( नि.स. )।** रविवार को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन काव्या शिक्षा एवं विकास सेवा संस्थान करौली में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली द्वारा पाठ्यक्रम विकास एवं शिक्षण विषय पर तीन दिवसीय 29 से 31 अगस्त तक निरंतर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष रामजीलाल व उपाध्यक्ष टिंकू जाटव ने कार्यक्रम का समापन किया।

साथ ही विस्तृत रूप से दिव्यांगों के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न विशेषज्ञों को पाठ्यक्रम विकास एवं शिक्षण विषय पर जोर देते हुए समुदाय के हर दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित हेतु निरंतर पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली द्वारा रखे जाने पर अपने विचार प्रकट किए।

साथ ही इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों से एवं अन्य राज्यों के जिलों से प्रतिभागी उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम में विषय को लेकर अनुभवी विशेषज्ञ दिन प्रतिदिन की कार्यशाला में भाग लिया जिनसे लाभान्वित होकर उन सभी दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक होंगे।

साथ ही संस्था की सचिव टिंकु जाटव द्वारा इस कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुनर्वास के क्षेत्र में ऐसे नवीन कार्यक्रम हर संभव आयोजित किए जाने चाहिए जिस की धारा पर उन विभाग बच्चों को लाभ प्राप्त हो, कोर्स कॉर्डिनेटर रघुवीर सिंह,सहायक कोर्स कोआर्डिनेटर अनिरुद्ध पांडेय,सुमन गुर्जर एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

# अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाही

**गंगापुर सिटी ।** अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त किया है। साथ ही डंपर ड्राइवर को गिरफ्तार कर एमडीआर के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस ने जब्त किए गए डंपर को सदर थाने में खडा करवा दिया गया है। गंगापुरसिटी पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार मीना के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर पुलिस थाना द्वारा अवैध खनन के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।सदर थाना गंगापुरसिटी थानाधिकारी पन्नालाल के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक दाताराम और पुलिस टीम ने अवैध खनन के मामले में मुलजिम शंकर पुत्र रामजीलाल मीना, निवासी कुटका थाना मित्रपुरा, जिला सवाई माधोपुर को एक डंपर अवैध बजरी के परीवहन करते हुए पाए गया। इस पर अवैध बजरी से भरे हुए डंपर आरजे 14 जीके 3०11 को जब्त कर अभियुक्त शंकर को धारा 3०3 (2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट में गिरफ्तार किया गया। बजरी से भरे हुए डंपर को सदर थाने में खडा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में थाना अधिकारी पन्नालाल के अलावा सहायक उप निरीक्षक दाताराम, हेड कॉन्स्टेबल मुरारी लाल, कॉन्स्टेबल देवेंद्र और मोहन सिंह आदि शामिल थे।

**■ अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त किया है**


पुलिस गिरफत में आरोपी ड्राइवर।

# लाखन सिंह चुनाव हारने के बाद भी आमजन से दूर नहीं

**करौली( नि.स. )।** राजनेता वही माना जाता है जो पद पर हो या ना हो आमजन के बीच हमेशा दुख दर्द में साथ हो ऐसे राजनेता के गुण पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड में देखने को मिल रहे हैं जो अपने विधानसभा क्षेत्र में आमजन के साथ जुड़ाब बनाए हुए हैं जो आमजन के दुख दर्द में शामिल होते देखे जा रहे हैं। चाहे वर्तमान और पूर्व सांसद हो या विधायक या कोई और राजनेता हो सही मायने में वही जनप्रिय राजनेता होता है जो हमेशा जनता के साथ दुख दर्द में साथ रहे लेकिन ऐसे राजनेता बहुत कम देखने को मिलते हैं जीतने के बाद आमजन के कार्य करना और क्षेत्र का विकास करना तो दूर रहा जिस जनता के द्वारा राजनेता बनाया जाता है उनसे मिलने तक नहीं पहुंच पाते हैं नहीं उनके दुख दर्द में शामिल हो पाते हैं बो लंबी रेस के घोड़ा नहीं होते हैं। ऐसे राजनेताओं पर एक कहावत काट की हांडी एक बार चढ़ती है चरित्राथ होती है ऐसे नेताओं में पूर्व सांसद डॉ मनोज राजोरिया शामिल है। जिन्होंने सांसद बनने के बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में जाकर के लोगों से मिलना तो डर रहा उनके हाल तक नहीं जाने जिनका हाल एक बो थे और एक एक पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकट है जो विधानसभा का चुनाव हारने के बाद में जनता के बीच में बने हुए हैं और उनके छोटे-छोटे कार्यक्रमों में भी अपनी उपस्थिति दे रहे हैं एवं उनके दुख दर्द में भी शामिल हो रहे हैं। पूर्व विधायक ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के खीपपुरा गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया जहां गांव के प्रमुख लोगों सहित ग्रामीणों का भव्य स्वागत सम्मान किया उसके बाद पूर्व विधायक ग्राम पंचायत के स्वर्गीय पूर्व सरपंच मानसिंह जाट कि तिये की बैठक में शामिल हुए ऐसा कोई एक उदाहरण नहीं कई उदाहरण है अपने विधानसभा क्षेत्र मैं लोगों के हर दुख दर्द और धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं और लोगों से जनसंपर्क बने हुए हैं जो क्षेत्र के लोगों में आम चर्चा है।

### बैठक संपन्न

**करौली ( नि.स. )** ।भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा शहर मंडल के तीन शक्ति केंद्रो पर बूथ अध्यक्षों कि बैठक संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि मंडल के तीन शक्ति केंद्रो पर बैठक में मुख्य अतिथि धीरेंद्र बैसला एवं विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी रहे। चटीकना शक्ति केंद्र पर शक्ति केंद्र संयोजक कपिल देव पाराशर तथा बूथ अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, गिरधारी शर्मा आदि की सदस्यता अभियान कि बैठक संपन्न हुई इसी क्रम में चैबे पाडा शक्ति केंद्र की बैठक शक्ति केंद्र संयोजक सुमित भट्ट,बूथ अध्यक्ष अमित शर्मा,योगेश शर्मा,कुलदीप सिंह ,आशीष जैन,आशुतोष पाराशर,चैबे पाराशर तथा इसी क्रम में त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम शक्ति केंद्र पर शक्ति केंद्र संयोजक भुवनेश पाल विक्की गुरु एवं बूथ अध्यक्ष सागर सैनी, नरेश लोधा,कपिल शर्मा,पंकज प्रजापत, राजू सैनी, रोहित शर्मा, पुष्पेंद्र सैनी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएसीएल निवेशकों की बैठक संपन्न

**करौली ( नि.स. )।** करौली में पीएसीएल के निवेशकों के द्वारा गठित किए गए राष्ट्रीय एकीकृत संगठन एआईएसओ कि भरतपुर संभाग की बैठक संगठन के सक्रिय सदस्य प्रोफेसर सीवी यादव की अध्यक्षता में करौली के सिटी पार्क में आयोजित कि गई।

संभाग की इस बैठक में 10 सितंबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर किए जाने वाले देश व्यापी विरोध प्रदर्शन को लेकर कार्य योजना बनाई गई कार्य योजना से पूर्व सभी के द्वारा अपनी पीएसीएल की समस्याओं से प्रांतीय संगठन के पदाधिकारी को समस्याओं से अवगत कराया वहीं प्रांतीय सदस्य प्रोफेसर यादव ने सभी से आ ान किया कि सभी एक जुट रहे हैं बिना राशि मिले परिवार का विघटन शुरू हो गया है आर्थिक स्थिति पीएसीएल के कार्यकर्ताओं की कमजोर हो गई है वहीं निवेशकों की स्थिति बहुत बुरी है निवेशक व कार्यकर्ताओं को परेशान करते हैं जिसके लिए हम सब एकजुट होकर दिल्ली में 10 सितंबर को जंतर मंतर पर पूरे देश के पीएसीएल के कार्यकर्ता एकत्रित होंगे और केंद्र सरकार से पीएसीएल की जमाकर्ताओं कि राशि वापस किए जाने की मांग एक बार फिर से कि जाएगी। दिल्ली में पीएसीएल की ओर से ही है देश व्यापी आंदोलन है इसमें सरकार को चेताया जाएगा।

## पंचकोसी यात्रा का समापन

**कामां ( निस )।** आदि वृंदावन कामवन धाम की शान पंचकोसी यात्रा का रविवार को भक्तों के साथ ढोल नगाड़ों शहनाई वादन के बीच समापन मंदिर राधावल्लभ में धूमधाम के साथ हजारों की संख्या में भक्तों की मौजूदगी में किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुर जी के डोल को अन्तिम पड़ाव के दिन समाजसेवी अमर अरोड़ा ने सिर पर रखकर कस्बे के मुख्य मार्गो से देश के कौने कौने से आए भक्तों की मौजूदगी में नगर भ्रमण कर समापन किया गया।

जहां एक ओर अन्तिम पड़ाव के अवसर पर नगर भ्रमण को निकले ठाकुर जी के डोल पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वही यात्रा में शामिल नौजवान वृद्ध महिलाओं की आंखों में अकस्मात ठाकुर जी के प्रति नेत्रों से अश्रु झलक पड़े उल्लेखनीय है कि हर वर्ष कस्बे के प्राचीन मंदिर राधावल्लभ से पांच दिवसीय पंचकोसी यात्रा का आगाज किया जाता है।

जिसमें काफी संख्या में देश के कौने कौने से हजारों की संख्या में भक्त पैदल-पैदल परिक्रमा देकर नाचते गाते संगीत की धुन के बीच यात्रा का लुप्त उठाते हैं। प्राचीन परम्पराओं के अनुसार समापन के अवसर पर प्राचीन मंदिर राधावल्लभ के प्रांगण में कथावाचक व यात्रा अध्यक्ष को श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा से पांवों को पूजते हैं भक्त चढ़ावा चढ़ाते हैं और आशिर्वाद लेते हुए अगले वर्ष के लिए पंचकोसी यात्रा देने के लिए वचन लेते हैं।

# खेलों को अपनी दिनचर्या में करें शामिल: एसडीएम साधना शर्मा



राष्ट्रीय खेल सप्ताह का समापन हुआ ।

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार के आदेश की अनुपालना में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल सप्ताह का समापन समारोह उपखंड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जहां उपस्थित खिलाडियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। इससे शरीर फिट रहता है और शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है।

उन्होंने शिक्षा अभियान की ओर से मनाए जा रहे खेल सप्ताह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छुपी हुई प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रोहित बिष्ट ने कहा कि सप्ताह के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया।

जिसमें शारीरिक शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान किया और खिलाड़ियों ने भी अपने पूरे मनोबल के साथ उसमें प्रतिनिधित्व निभाया

शारीरिक शिक्षक विजय उदैनियां ने कहा कि खेल सप्ताह के अंतर्गत क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, कबड्डी, लेमन रेस, रुमाल झपट्टा, मैराथन, रस्साकस्सी, शतरंज, बास्केटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 250 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार, खेल विभाग प्रतिनिधि अमृतलाल, वरिष्ठ खिलाड़ी वीर शैलेंद्र सिंह राना, मोहम्मद जाकिर हुसैन, संदीप राना, गुरमीत मान, शारीरिक शिक्षक प्रभारी खेल सप्ताह अजय बघेल, रवि मोहन त्रिवेदी, विमल शर्मा, अनिल मिश्रा, संतोष, रजनी, कामिनी आदि उपस्थित रहे।

**■ जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल सप्ताह का समापन समारोह उपखंड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।**

## मुख्यमंत्री का आभार जताया

**भरतपुर ( निस )।** महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के दिशानिर्देशानुसार राजस्थान सरकार ने परिवर्तित बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में बिन्दु संख्या 18.04 अनुपालना में इस बार स्नातकोत्तर स्तर पर लोकप्रशासन में नवीन विषय खोलकर भरतपुर के इस महाविद्यालय को नई सौगात दी है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरबीर सिंह ने बताया कि एम.एस.जे. महाविद्यालय में हिन्दी, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास कला विषयों में स्नातकोत्तर स्तर पर पूर्व से संचालित हैं। इस बार राजस्थान सरकार ने एम.एस.जे. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित लोकप्रशासन को भी स्नातकोत्तर में नवीन विषय देकर इस महाविद्यालय को एक विशेष उपलब्धि प्रदान की है। उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थी अन्य विषयों के साथ लोकप्रशासन में भी स्नातकोत्तर डिग्री ले सकेंगे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिये राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षामंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, स्थानीय पूर्व विधायक विजय बंसल एवं कॉलेज शिक्षा आयुक्त पुखराज सैन का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में सभी विषयों में स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया 28 अगस्त, बुधवार से प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी अन्तिम तिथि 11 सितम्बर 2024 है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 228 रोगियों ने उठाया लाभ


अग्रवाल भवन समिति द्वारा खिरनी घाट स्थित अग्रवाल भवन में निशुल्क शिविर आयोजित हुआ।

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवाल भवन समिति द्वारा खिरनी घाट स्थित अग्रवाल भवन में आयोजित निशुल्क हड्डी रोग, फिजियोथेरेपी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 228 रोगियों की जांच कर चिकित्सा की गई। शिविर संयोजक विनोद सिंघल ने बताया कि जयपुर के महात्मा गांधी हॉस्पीटल व वेलटन हॉस्पीटल के हड्डी जोड रोग, स्पाइन एवं स्पोर्टस इंजरी रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित गोयल, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गुप्ता, वरिष्ठ फिजियोथेरापिस्ट डॉ बीएन शर्मा एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ नेहा मोदी ने अपनी सेवाएँ दीं। कैम्प में स्लिप डिस्क, रीढ की हड्डी की दवी हुई नस, अर्थराइटस, घुटने दर्द की अत्याधुनिक मशीनों से फिजियोथेरेपी की गई। शिविर में सभी रोगियों की निशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अतुल मित्तल ने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम लोग बडे हॉस्पीटल से चिकित्सा करवा सकते हैं लेकिन सामान्य स्तर एवं जरूरतमंदों को निशुल्क चिकित्सा लाभ देने के लिए इस तरह शिविर आयोजित करना आवश्यक है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुरेश बंसल, मोहन मित्तल, हरीमोहन मित्तल, एडवोकेट चन्द्रमोहन गुप्ता, प्रेम गोयल, पुरूषोत्तम डीगिया, अनिल गुप्ता, महेश सिंघल, प्रहलाद गुप्ता, विनोद मेडीकल, सतीश मित्तल, आलोक बंसल, विष्णु लोहिया, गोपाल सर्वेयर, संजय गुप्ता, महेश गोयल सर्राफ, डॉ. रवि गुप्ता आदि ने शिविर में उपस्थित रहकर सहयोग किया।